वार्षिक प्रतिवेदन
2017-18

USACS

प्रसारित

USACS NACO

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड

दूरभाष : 0135-2608885 Email: uksacs1@gmail.com Website : www.usacs.org.in

उत्तराखण्ड सरकार

अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें



करें वही जो बच्चे
के लिए है सही
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

एच.आई.वी. संक्रमण है तो
घबराएं नहीं, अपनाएं नियमित जीवन,
उपचार और देखभाल
स्वच्छता का विशेष
ध्यान रखें।
स्वच्छ एवं पौष्टिक आहार
का नियमित सेवन करें।
नियमित योग एवं
व्यायाम करें।
नशीले पदार्थों का
सेवन न करें।
जीवन के प्रति
सकारात्मक सोच अपनाएं।
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

कैसी घबराहट, कैसा शरमाना
यौन रोग का पूरा इलाज कराना
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

जल्द से जल्द करवायें
एच.आई.वी. की जाँच
ताकि बच्चे पर ना आये आँच
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

STI/RTI SYNDROMIC CASE MANAGEMENT
IMPORTANT CONSIDERATIONS FOR MANAGEMENT OF ALL STI/RTI
NACO
suraksha clinic

वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18

Annual Report 2017-18

प्रसारित

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड

दूरभाष : 0135-2608885 Email: uksacs1@gmail.com Website : www.usacs.org.in

अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

विषय सूची

1	राज्य की रूपरेखा एवं कार्यक्रम	05
2	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.)	07
3	देखभाल, सहयोग एवं उपचार	09
4	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना	11
5	रक्त संचरण सेवा कार्यक्रम	13
6	यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण (एस.टी.आई./आर.टी.आई.)	15
7	सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.)	16
8	मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम	19
9	रेड रिबन क्लब (एच.आई.वी./एड्स नियन्त्रण की नई विचारधारा)	20
10	कार्यनीति सूचना प्रबंधन यूनिट	21
11	समाचार पत्रों की सुर्खियाँ	23
12	आई.ई.सी. सामग्री	25
13	यूसैक्स मे तैनात समस्त कार्मिको की सूची	27
14	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में कार्यरत एन.जी.ओ. की सूची	28
15	रक्तकोषों की सूची	31
16	सुरक्षा क्लीनिकों की सूची	32
17	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्रों की सूची	33
18	ए.आर.टी. केन्द्रों एवं लिंक ए.आर.टी केन्द्रों की सूची	36
19	ओ.एस.टी. केन्द्रों एवं ई.आई.डी. केन्द्रों की सूची	37
20	संक्षिप्तीकरण	38

राज्य की रूपरेखा एवं कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन–नाको, भारत सरकार एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु प्रयासरत है। एच.आई.वी. विषय को मुख्यधारा में लाने के लिए बहुक्षेत्रीय/बहुविभागीय स्वामित्व एवं सहयोग को एक महत्वपूर्ण अंग माना गया है।

एच.आई.वी./एड्स विषय पर जागरूकता एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों, एच.आई.वी. जांच, उपचार, दवा, सामाजिक भहिष्कार, कंलक एवं भेदभाव को दूर करना, इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर जन–जन तक सुविधाओं का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसकी महत्वता को दृष्टिगत करते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में मुख्यधारा को एक महत्वकांक्षी घटक के रूप में सम्मिलित किया गया है।

प्रदेश में एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य एवं प0क0 मंत्रालय–नाको, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा गठित ''उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति'' द्वारा ''सोसाइटी मोड (परियोजना प्रणाली)'' के अन्तर्गत किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण करना है। इसके अन्तर्गत यौन जनित रोगों का उपचार एवं सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्तायुक्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, आर0टी0आई0, एस0टी0आई0 व एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु कण्डोम उपलब्ध कराना, एच.आई.वी./एड्स के प्रति आम जनमानस में जागरुकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करना तथा एच0आई0वी0/एड्स से संक्रमित/पीड़ित व्यक्तियों को चिकित्सा उपचार आदि की सुविधा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में उत्तराखण्ड में Estimated Adult HIV Prevalence (15–49 Year) संक्रमण दर 0-11 (Source- Technical Report-2015, NACO) प्रतिशत (नाको) है।

कार्यक्रम का लक्ष्य एवं उद्देश्य :–

- एच0आई0वी0/एड्स के प्रतिशत–प्रतिशत जागरूकता स्तर प्राप्त करना।
- एच0आई0वी0 संक्रमण दर को स्थिर एवं ऋणात्मक दिशा प्रदान करना।
- हाई रिस्क ग्रुप्स (CSW, MSM,IDU, Truckers, Migrants Prisoner etc.) में जागरूकता।
- ब्लड ट्रान्स्फ्यूजन द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण दर को 0.1 प्रतिशत से कम करना।

एच.आई.वी./एड्स संक्रमित व्यक्तियों के लिए चिकित्सा–उपचार की व्यवस्था करना। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण विभाग (नाको), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, महानिदेशालय, चिकि0 स्वा0 एवं परिवार कल्याण, देहरादून द्वारा प्रदेश में संचालित कार्यक्रम का सरचनात्मक विवरण :–

Sr. No.	Name of Facilities	No. of Facilities
1	Blood Banks	35
2	ICTC (Integrated Counseling & Testing Center)	49
3	Facility - ICTC	112
4	ICTC – PPP	02
5	Mobile- ICTC	01
6	Designated STI/RTI Clinic	29
7	ART Center (Including One ART Plus)	02
8	Facility Integrated ART Center	01
9	Link ART Center (Including LAC Plus)	16
10	Care Support Center	02
11	Targeted Intervention Project	29
12	Opioid Substitution Therapy Center (OST)	05

Status of Uttarakhand on HIV

Name Indicator (source MTA 2015, NACO)	India 2015	Uttarakhand 2017
Estimated No of HIV Infections	21,16,581	8021
Estimated Number of Annaul New HIV Infection	75,948	731
Estimated Adult Prevalence(%)	0.26	0.11
Estimated No. of Annual AIDS- Related deaths (Total)	67,612	213
Estimated No. of Pregnant Women Needing PPTCT	35,255	106
Need for ART (Total)	13,44,898	3575

Source: - India HIV Estimations - NACO (Technical Report)

Epidemic of HIV in Uttarakhand

Name Indicator	India	Uttarakhand
HIV Prevalence (%) at ANC sites	0.28	0.13
HIV Prevalence at FSW	1.56	0.00
HIV Prevalence at MSM	2.69	2.85
HIV Prevalence at IDU	6.26	8.98
Syphilis Prevalence (%) at ANC	0.10	0.00

HIV Prevalence (%) among ANC clients, India & Uttarakhand

Prevalence among different Population 2017

एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.)

आई.सी.टी.सी एवं पी.पी.टी.सी.टी. केन्द्र में परामर्श एवं परीक्षण की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है जहां पर स्वयं एवं डॉक्टर की सलाह से जनसामान्य अपनी एच.आई.वी जांच एवं परामर्श की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाते है।

एच.आईवी./एड्स संक्रमण का पता, केवल रक्त की जांच करवाने से ही हो सकता है। परामर्श (काउन्सलिंग) सहायक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एच.आई.वी./एड्स के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपरक जानकारी प्रदान की जाती है तथा परामर्श द्वारा संक्रमित व्यक्ति को जीवन निर्वाह के लिए सकारात्मक प्रवृत्ति अपनाने एवं नेगेटिव लोगो को भविष्य में एच.आई.वी./एड्स से बचने के उपाय के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। उत्तराखण्ड राज्य में एच.आई.वी परीक्षण की सुविधा सर्वप्रथम सन् 2002 में दो केन्द्रों में शुरू की गयी तथा अभी तक राज्य में 49 स्टैन्डअलोन एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई0सी0टी0सी0), 114 फेसिलिट आई0सी0टी0सी0 एवं 01 मोबाईल आई0सी0टी0सी0 तथा 02 पी0पी0पी0 मोड आई0सी0टी0सी0 स्थापित किये जा चुके हैं। सभी केन्द्रों में एक परामर्शदाता एवं एक लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था की गयी है, जो कि जनसाधारण को एच.आई.वी/एड्स की जानकारी एवं बचाव के उपायों से सम्बन्धित जानकारी के साथ–साथ एच.आई.वी. जांच की सुविधा प्रदान करते है।

आई.सी.टी.सी. कार्यक्रम की सफलता हेतु आई.सी.टी. सी. केन्द्रो को राज्य में चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे आर.एन.टी.सी.पी. (Revised National Tuberculosis Control Programme), टी.आई.(Targetted Intervention) एवं एस.टी. डी. (Sexual Transmitted Disease) क्लीनिक से जोड़ा गया है। प्रायः देखा गया है कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति अवसरवादी संक्रमण का शिकार हो जाता है, जिस में टी.बी प्रमुख अवसरवादी संक्रमण है, जिस हेतु आर.एन.टी.सी.पी द्वारा समस्त टी.बी मरीजों को एच.आई.वी जांच हेतु आई.सी.टी.सी केन्द्रों को संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा टी.बी के लक्षण पाये जाने वाले समस्त लोगों को टी.बी केन्द्रों में टी.बी की जाँच हेतु संदर्भित किया जाता है।

राज्य में चल रहे टी.आई. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 29 गैर सरकारी संगठन उच्च जोखीम व्यवहार वाले लोगों के साथ काम कर रहें है, जिन लोगों की साल में दो बार एच.आई.वी. जांच जरूरी हैं एवं उनके व्यवहार परिवर्तन की भी अत्यन्त आवश्यकता होती है जो कार्य आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा बाखुबी निभाया जा रहा है।

एस.टी.आई./आर.टी.आई. संक्रमित व्यक्ति को एच. आई.वी. संक्रमण होने एवं दूसरो को संक्रमित करने का खतरा 10 प्रतिशत तक ज्यादा रहता है जिस हेतु राज्य में 27 एस.टी. आई./आर.टी.आई. क्लीनिको एवं एक एस.आर.सी. की स्थापना की गयी है। जिसमें आने वाले लोगों को आई.सी.टी. सी. में संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. में आने वाले लोगों को एस.टी.आई. के लक्षण पाये जाने की स्थिति में एस. टी.आई. में संदर्भित किया जाता है।

साथ ही संक्रमित पाये गये व्यक्तियों को सी.डी.– 4 जांच एवं इलाज के लिए ए.आर.टी. केन्द्रों में सन्दर्भित किया जाता है तथा समय–समय पर उनके साथ समन्यवय स्थापित किया जाता है।

आई.सी.टी.सी.

- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 1,11,649 सामान्य लोगों की एच.आई.वी. की जांच की गयी, जिसमें कुल 907 लोग एच.आई.वी. धनात्मक पाये गये जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 1,04,646 गर्भवती माताओं की एच.आई.वी. जांच की गयी, जिसमें कुल 60 गर्भवती माताऐं एच.आई.वी. धनात्मक पायी गयी जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- टी.बी. क्लीनिको से आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में एवं आई.सी.टी. सी. केन्द्रों से टी.बी. क्लीनिको में लोगों संदर्भित किया जाता है।
- अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 14,890 उच्च जोखिम व्यवहार वाले लोगों की जांच की गयी, जिसमें 45 व्यक्ति एच.आई.वी. धनात्मक पाये गये।
- अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 16,574 ब्रिज पोपुलेशन वाले लोगों की जांच की गयी, जिसमें 22 व्यक्ति एच.आई.वी. धनात्मक पाये गये।
- अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 1,872 जेल निरूद्ध बंदियों की जांच की गयी, जिसमें 30 व्यक्ति एच.आई.वी. धनात्मक पाये गये।

- एस.टी.आई. से आई.सी.टी.सी. में लोगों को एच.आई.वी. की जांच हेतु संदर्भित किया गया।

आई.सी.टी.सी. मोबाईल वैन

- राज्य में एच0आई0वी0/एड्स की जानकारी एवं परीक्षण हेतु एक आई.सी.टी.सी. मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है।

प्रदेश में स्थापित आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में एच.आई.वी. परीक्षण उपरान्त पाये गये एच.आई.वी. पॉजिटिव व्यक्तियों का 5 वित्तीय वर्ष में एच.आई.वी. परामर्श, जांच एवं संक्रमित पाये गये व्यक्तियों की स्थिति निम्नानुसार है :–

General Client									Pregnant Women	
Financial Year	Number of clients tested for HIV			Total	Number of clients diagnosed HIV positive			Total	HIV Testing	Found HIV Positive
	Male	Female	TS/TG		Male	Female	TS/TG			
2013-14	48928	37637	6	86571	545	268	4	**817**	68543	**48**
2014-15	47088	45355	1	92444	530	276	1	**807**	87268	**51**
2015-16	49724	42439	2	92165	522	249	2	**773**	87427	**49**
2016-17	51473	42908	3	94384	541	234	1	**776**	89521	**52**
2017-18	59206	50364	6	109576	601	296	1	**898**	95047	**60**

उत्तराखण्ड में स्थापित एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.) में एच.आई.वी. पॉजिटिव व्यक्तियों का जनपदवार विवरण :–

S. No.	District / F.Y.	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1	Almora	32	9	27	18	22
2	Bageshwar	4	12	9	9	6
3	Chamoli	15	16	3	7	6
4	Champawat	13	14	10	15	8
5	Dehradun	374	358	384	369	422
6	Pauri Garhwal	37	49	39	19	36
7	Haridwar	87	93	85	142	174
8	Nainital	161	160	110	121	147
9	Pithoragarh	18	36	44	25	31
10	Rudraprayag	16	9	20	11	11
11	Tehri Garhwal	8	15	5	13	11
12	US Nagar	93	78	80	74	75
13	Uttarkashi	7	9	6	5	9
	Total	**865**	**858**	**822**	**828**	**958**

देखभाल, सहयोग एवं उपचार (Care Support & Treatment)

एच.आई.वी./एड्स सक्रमण के साथ जी रहे लोगो के लिए देखभाल, सहायता और उपचार सुविधा।

यह कार्यक्रम अवसरवादी संक्रमणों की रोकथाम और उपचार, एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी, मानसिक और सामाजिक सहायता, घर–आधारित देखभाल और संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए पी.एल.एच.ए. को व्यापक प्रबंधन उपलब्ध करवाता है।

एच.आई.वी. एड्स के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारत सरकार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (NACP) को 100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित कर रही है। एंटी रेट्रोवायरल उपचार (ART) की व्यापक पंहुच के परिणामस्वरूप एड्स संबंधित कारकों के कारण मरने वाले लोगों की अनुमानित संख्या में गिरावट आई है।

एंटी रेट्रो वायरल थैरपी केन्द्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य एच.आई.वी. सक्रमित व्यक्तियों को एंटी रेट्रो वायरल (ए.आर.टी.) उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है। उक्त केन्द्र में एच.आई.वी./एड्स पीड़ितों को एंटी रेट्रो वायरल दवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती है। एच.आई.वी. के विषाणु संक्रमित व्यक्ति के रक्त में वृद्धि करते हैं। विषाणु रक्त में सीडी–4 कोशिकाओं (रोग प्रतिरोधक प्रणाली) को नष्ट करते है। एंटी रेट्रो वायरल दवाएं लेने से रोगी की आयु तो बढ़ जाती है, लेकिन उसे रोग मुक्त नहीं किया जा सकता।

एच.आई.वी. पॉजिटिव व्यक्तियों को निःशुल्क ए.आर.टी. की दवा एवं अन्य सुविधायें प्रदान करने के लिए उत्तराखण्ड में स्थापित केन्द्र



प्रदेश में तीन ए.आर.टी. (एंटी रेट्रोवायरल थैरपी) दून राजकीय मेडिकल एवं चिकित्सालय, देहरादून, डॉ0 सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी (नैनीताल) एवं जिला चिकित्सालय, पिथौरागढ़ केन्द्र स्थापित है। उक्त ए.आर.टी. केन्द्रों में मार्च 2018 (**Cummulative**) तक पंजीकृत एवं दवा प्राप्त व्यक्तियों की संख्या निम्नानुसार है :–

केन्द्र (Center)	वर्ष	प्री ए.आर.टी. पंजीकरण (Registration)	ए.आर.टी. दवा प्राप्त एड्स रोगियों की संख्या (Patients currently on ART)
ART Center, Doon Medical College & Hospital, Dehradun	Aug. 2006 to March, 2018	**3856**	**2103**
ART Center, Dr. Sushila Tiwari Govt. Medical College, Haldwani (Nainital)	April 2010 to March, 2018	**2202**	**1284**
FI-ART Center, District Hospital, Pithoragarh	Jan 2016 to March, 2018	**267**	**188**

वित्तीय वर्ष 2017–18 में (माह मार्च 2018 तक) ए.आर.टी. केन्द्रों कुल 755 नये पंजिकरण किये गये, जिसका केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार है :–

Number of new PLHIV Registered in HIV care during this Financial Year 2017 -18						
Name of the ART Centre	Adult			Children		Total
	Male	Female	TS/TG	Male	Female	
ARTC, Doon Hospital Dehradun	278	170	2	20	11	**481**
ARTC, Dr. Sushila Tiwari Govt. Hospital, Haldwani (Nainital)	133	95	1	8	6	**243**
FI-ART, District Hospital, Pithoragarh	15	14	0	1	1	**31**
Grand Total	**426**	**279**	**3**	**29**	**18**	**755**

वित्तीय वर्ष 2017–18 में (माह मार्च,2018 तक) ए.आर.टी. केन्द्रों कुल 875 नये रोगियों की दवा आरम्भ की गयी, जिसका केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार है :–

New HIV Positive people started ART drugs during the Financial Year 2017-18						
Name of the ART Centre	Adult			Children		Total
	Male	Female	TS/TG	Male	Female	
ARTC, Doon Hospital Dehradun.	274	211	3	27	21	**536**
ARTC, Dr. Sushila Tiwari Govt. Hospital, Haldwani (Nainital)	146	112	1	24	12	**295**
FI - ART, District Hospital, Pithoragarh.	19	18	0	6	1	**44**
Grand Total	**439**	**341**	**4**	**57**	**34**	**875**

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना
(Targetted Intervention Programme)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 29 गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से उच्च जोखिम समूहों के मध्य कार्य किया जा रहा है जहां संक्रमण की अधिक संवेदनशीलता है। उच्च जोखिम समूहों को कोर ग्रुप एवं ब्रिज पोपुलेशन में विभाजित किया गया है। कोर ग्रुप के अन्तर्गत महिला यौनकर्मी, इन्जेक्टिंग ड्रग यूजर्स एवं समलिंगी (एम0एस0एम0) एवं ब्रिज पापुलेशन के अन्तर्गत ट्रक ड्राईवर एवं माइग्रेंट्स के मध्य कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक राज्य में उच्च जोखिम समूहों की अनुमानित संख्या 1,49,980 के सापेक्ष 2,38,494 लाभार्थियों को लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत सेवायें प्रदान की गई।

Typology	Target	No. of Registered Population
FSW	5550	5896
MSM	1770	1896
TG	160	108
IDU	1950	1840
Migrants	90000	178194
TRUCKERS	40000	136794
Transit	10000	20335
OST	500	1071
Total	**149930**	**346134**

Fig : Coverage of HRGs in the Year 2017-18(April 2017 - March 2018)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु वर्ष 2017–18 में अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक 29,048 लाभार्थियों की एच0आई0वी0 की जांच की गयी जिसमें से कुल 42 एच0आई0वी0 पॉजिटिव पाये गये जिसमें से 24 को ए0आर0टी0 में सन्दर्भित कर उचित सेवायें प्रदान की गयी। लाभार्थियों की एच0आई0वी0 जांच हेतु एन0आर0एच0एम0 के अन्तर्गत उपलब्ध सेवाओं से भी समन्वय स्थापित कर सेवायें प्रदान की गयी। राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्थापित आई0सी0टी0सी0 केन्द्रों के अतिरिक्त फैसिलिटी आई0सी0टी0सी, मोबाईल आई0सी0टी0सी0, मोबाईल मेडिकल वैन, कम्युनिटी केयर सैन्टर एवं अरबन हैल्थ सैन्टर में एच0आई0वी0 की जांच की गयी एवं एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की जांच की गयी।

Typology	April 2017 - March 2018	
	HIV Target	HIV Tested
FSW	11100	9053
MSM+TG	3860	3123
IDU	3900	2714
Migrants	27000	12133
Truckers	6000	4441
Total	**51860**	**31464**

Fig : Status of HIV testing Year 2017-18 (April 2017 - March 2018)

संस्थाओं का मूल्यांकन : वर्ष 2017–18 में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 2 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत 21 गैर सरकारी संस्थाओं का मूल्यांकन किया गया।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 : यौन रोग एच0आई0वी0/एड्स के संक्रमण को बढ़ावा देती है एवं यौन रोगियों में एच0आई0वी0 संक्रमण लगभग 30 प्रतिशत अधिक होने की संभावना रहती है। वर्ष 2017–18 में माह अप्रैल 2017–मार्च 2018 तक 77,491 लाभार्थियों ने एस0टी0आई0 सेवाओं हेतु उपस्थिति दर्ज की एवं एस0टी0आई0 ग्रसित व्यक्तियों का उपचार किया गया।

कण्डोम प्रमोशन : एच0आई0वी0/एड्स कार्यक्रम में कण्डोम प्रमोशन भी एक महत्वपूर्ण मद है। एच0आर0जी0 के मध्य मुफ्त कण्डोम वितरण के अतिरिक्त सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्थाओं द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। वर्ष 2017–18 में माह अप्रैल 2017–मार्च 2018 तक मांग के सापेक्ष शत प्रतिशत कण्डोम वितरण किया गया एवं सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम उपलब्ध कराया गया। कण्डोम प्रमोशन के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में एच0आई0वी0/एड्स को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई एवं यौन रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित कमी पायी गई।

कण्डोम प्रमोशन हेतु टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप(नाको भारत सरकार) का महत्वपूर्ण भूमिका रही एवं टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप द्वारा उचित सहयोग प्राप्त हुआ।

एम्प्लायर लेड माडल (Employer Led Model)–

एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु राज्य में स्थापित विभिन्न उद्योगों के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने हेतु प्रयास किये गये। एम्प्लायर लेड माडलके अन्तर्गत कुल 17 कम्पनियों के साथ मेमोरेन्डम आफ अन्डरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर किया जा चुका है।

ओ0एस0टी0 सेन्टर –वर्ष 2017–18 में नाको द्वारा प्राप्त अनुमोदन के क्रम में सुई से नशा करने वालों (IDUs) में एच0आई0वी0 का संक्रमण के जोखिम को कम करने एवं एच0आई0वी0 की रोकथाम हेतु जनपद नैनीताल(बनभूलपुरा), जनपद देहरादून(प्रेमनगर), जनपद उधमसिंह नगर(रूद्रपुर एवं काशीपुर) एवं जनपद हरिद्वार में पांच ओ0एस0टी0 केन्द्रों के माध्यम से 500 आई0डी0यू0 को उचित दवाओं के माध्यम से सेवायें दी गयीं। इस कार्यक्रम के फलःस्वरूप आई0डी0यू0 सुई से नशा करने के स्थान पर चिकित्सक द्वारा दी गयी दवाओं का सेवन कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं एवं इससे सुई द्वारा एच0आई0वी0 के संक्रमण की रोकथाम भी संभव हो पा रही है।

क्षमता विकास –लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टी0आई0) के अन्तर्गत कार्य कर रही संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों (परियोजना प्रबन्धक, परामर्शदाता, लेखाकार) की क्षमता विकास हेतु नाको, भारत सरकार द्वारा स्थापित एजेंसी प्रोजेक्ट दिवा, FHI 360 द्वारा एम0एस0एम0, एफ0एस0डबल्यू0 एवं माइग्रेंट लक्ष्य पर कार्य कर रही संस्थाओं के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नाको–भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये ट्रेनिंग माड्यूल के अनुरूप किये गये।

रक्त संचरण सेवा कार्यक्रम (Blood Safety)

रक्त संचरण सेवायें राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है। असुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों के कारण एच0आई0वी0 संक्रमण की संभावना 100 प्रतिशत बनी रहती है, इसलिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि सुरक्षित रक्त की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में बनी रहे, जिसके लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में रक्त सुरक्षा कार्यक्रम को एक खास वरीयता दी गयी है।

राज्य में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त की उपलब्धता हेतु स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस हेतु राज्य के समस्त जिलों में समय–समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर लाईसेन्सयुक्त रक्तकोषों के माध्यम से लगाये जाते हैं। प्रदेश में स्थापित रक्तकोष निम्नानुार हैः–

कुल रक्तकोष – 35

राज्य सरकार पोषित – 20

केन्द्र सरकार पोषित – 04

प्राईवेट / चैरिटेबल – 11

वित्तीय वर्ष 2017–18 (अप्रैल–मार्च) में प्रस्तावित लक्ष्य के क्रम में प्राप्त लक्ष्य निम्न प्रकार हैः–

क्र0 सं0	विवरण	भारत सरकार द्वारा दिया गया लक्ष्य	प्राप्त लक्ष्य
1.	कुल एकत्रित रक्त युनिटों की संख्या	105000	124575
2.	कुल स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त	90000	102732
3.	स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत	90%	82%
4.	कुल एकत्रित रक्त युनिटों की संख्या (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	82000	102729
5.	स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त यूनिट (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	74000	89394
6.	कुल रक्त दान शिविर	800	750

वित्तीय वर्ष 2017–18 में रक्त सुरक्षा अनुभाग द्वारा विभिन्न विशेष दिवसों का राज्य एवं जनपद स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं को एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र0 सं0	कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रम में एकत्रित रक्त यूनिट
1.	विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) अभियान	8,592
2.	राष्ट्रीय रक्तदान दिवस	12,672

वित्तीय वर्ष 2017–18 (अप्रैल–मार्च) में रक्त सुरक्षा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड द्वारा किये गये कार्यों का विवरण

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस :–

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर होटल शुभम, देहरादून में किया गया।

ब्लड मोबाईल बसः–

नाको–भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के माडल ब्लड बैंक दून चिकित्सालय, देहरादून हेतु एक ब्लड मोबाईल बस प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में ब्लड मोबाईल बस के माध्यम से विभिन्न स्थानों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

- कुल रक्तदान शिविर – 17
- कुल एकत्रित रक्त यूनिट – 936

सुपरवाईजरी विजिटः–

रक्त सुरक्षा अनुभाग द्वारा काशीपुर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, हरिद्वार, रूड़की ऋषिकेश, रूद्रपुर, बागेश्वर, चम्पावत एवं नैनीताल में स्थापित राजकीय रक्तकोषों की सुपरवाईजरी विजिट की गयी।

रक्त की गुणवत्ता (Quality of Blood) एवं रक्त संचरण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिए निम्न बैठकों का आयोजन किया जाता हैः–

ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट

वित्तीय वर्ष 2017–18 में जिला चिकित्सालय, हरिद्वार में ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट की स्थापना हो चुकी है, जिस हेतु एक चिकित्साधिकारी एवं एक लैब टैक्नीशियन की बी0सी0एस0यू0 से सम्बन्धित 06 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन एच0आई0एच0टी0 जौली ग्राण्ट में करवाया गया।

वित्तीय वर्ष 2017–18 में जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर, एस0एस0जे0 बेस चिकित्सालय हल्द्वानी, सयुंक्त चिकित्सालय रूडकी में BCSU स्थापित किए जाने का लक्ष्य था, उपकरणों की खरीद NHM के सहयोग से की जा रहा है।

प्रशिक्षण

- नाको सहायतित रक्तकोषों में कार्यरत 18 लैब टैक्नीशियनों के 05 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन HIHT, Jolly Grant, Dehradun, में किया गया।
- 50 आई0सी0टी0सी0 लैबोरेट्री टैक्नीशियन की एक दिवसीय EQAS workshop दो बैचो में स्टेट रेफरेन्स लैबारेट्री, HIMS, जौली ग्राण्ट देहरादून में आयोजित की गयी।
- पांच नाको सहायतित रक्तकोष क्रमशः आई0एम0ए0 ब्लड बैंक देहरादून, जिला चिकित्सालय हरिद्वार, संयुक्त चिकित्सालय रूड़की, डॉ सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं एस0एस0जे0 बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी के रक्तकोष अधिकारी एवं लैब टैक्नीशियन की आधे दिन की ऑरियनटेशन बैठक उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियत्रण समिति के सभागार में करवायी गयी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वाराहाट और भिकियासैण में ब्लड स्टोरेज सेण्टर यूनिट को क्रियाशील किये जाने हेतु दो चिकित्साधिकारियों एवं दो लैब टैक्नीशियन को गोविन्द सिंह मेहरा नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।
- पांच नाको सहायतित रक्तकोष क्रमशः आई0एम0ए0 ब्लड बैंक देहरादून, जिला चिकित्सालय हरिद्वार, संयुक्त चिकित्सालय रूड़की, डॉ सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं एस0एस0जे0 बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी के प्रभारी रक्तकोष अधिकारियों की 05 दिवसीय प्रशिक्षण एच0आई0एच0टी0 जौली ग्राण्ट, देहरादून में करवायी गयी।

सुपरवाईजरी विजिटः–

रक्त संचरण सेवाएं अनुभाग द्वारा काशीपुर, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, हरिद्वार, रूड़की, ऋषिकेश, रूद्रपुर, चमोली, बागेश्वर, चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में स्थापित राजकीय रक्तकोषों की सुपरवाईजरी विजिट की गयी।

राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड :–

सुरक्षित रक्त, स्वास्थ्य सेवा का एक अति महत्वपूर्ण अंग है, जिसके लिए उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति का रक्त संचरण सेवा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद् संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2017–18 में स्वैच्छिक रक्तदान का कुल 82 प्रतिशत तथा नाको सहायतित रक्तकोषों में 87 प्रतिशत रहा तथा इसे शत प्रतिशत करने हेतु निरन्तर प्रयासरत हैं।

माँ वाराही मंदिर विशेष शिविर

दिनांक 5 अगस्त, 2017 को माँ वाराही मंदिर देवीधुरा में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी एवं मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार देवीधुरा में माँ वाराही देवी मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष रक्षाबन्धन के अवसर पर श्रावणी पूर्णिमा को बग्वाल मेला लगता है। 'बग्वाल' एक तरह का पाषाण युद्ध है जिसमें एक दूसरों के ऊपर पत्थर बरसाते है जिसके परिणामस्वरूप लोग लहुलूहान हो जाते है व रक्त की अधिक बर्बादी होती है। जिसके क्रम में इस परम्परा को देखते हुए रक्तदान कार्यक्रम आरम्भ करने का निर्णय लिया गया। जिसमें स्थानीय युवाओ, एन0एस0एस0 विद्यार्थियों, पुलिस कर्मियों एवं जिला प्रशासन के लोगों आदि द्वारा बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया गया। शिविर में कुल 126 यूनिट्स एकत्रित किये गये।

यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण (एस०टी०आई/आर०टी०आई०)

यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण (एस0टी0आई0/ आर0टी0आई0) भारत में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है। विभिन्न सर्वेक्षणों में पाया गया है कि सामान्यतः वयस्क व्यक्तियों में 6 प्रतिशत लोग यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण (एस.टी.आई./आर.टी.आई.) से प्रभावित होते हैं। देखा गया है कि सरकारी चिकित्सालयों में बहिरंग रोगी विभाग में लगभग 6 प्रतिशत पुरूष तथा 12 प्रतिशत महिलायें यौन सम्बन्धी रोगों के लक्षणों वाले होते हैं।

राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एस0टी0आई0/ आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार का प्राविधान, एच0आई0वी0 के संक्रमण के फैलाव को रोकने तथा लैंगिक एवं प्रजनन स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने की एक महत्वपूर्ण योजना है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार के अन्तर्गत लक्षणों के आधार पर उपचार प्रदान किया जाता है तथा प्रत्येक लक्षण हेतु नाको के गाईडलाइन के अनुसार ही औषधि प्रदान की जाती है।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें, जिला स्तर के चिकित्सालयों एवं कुछ चयनित अन्य चिकित्सालयों में नाको द्वारा राज्य एड्स नियन्त्रण समिति की ओर से प्रदान की जाती है, जिन्हें (Designated STI/RTI Clinic-DSRC) अथवा सुरक्षा क्लिनिक के नाम से जाना जाता है। नाको द्वारा प्रत्येक सुरक्षा क्लिनिक में एक परामर्शदाता की संविदा पर तैनाती की गयी है तथा निःशुल्क परामर्श, सिफलिस की जाँच एवं उपचार प्रदान की जाती है, साथ ही एच.आई.वी. एवं सिफिलिस की जांच हेतु आई0सी0टी0सी0 को सन्दर्भित किया जाता है। वर्तमान में राज्य में कुल 27 सुरक्षा क्लीनिक स्थापित है। उक्त सुरक्षा क्लीनिकों में उपचारित व्यक्तियों का वर्षवार विवरण निम्न प्रकार है :–

वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्रदेश में स्थापित डी.एस.आर.सी. केन्द्रों में एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की जांच हुए व्यक्तियों का आयुवार विवरण :–

वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्रदेश में स्थापित डी.एस.आर.सी. केन्द्रों एस.टी.आई. जांच हुए व्यक्तियों का विवरण :–



वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्रदेश में स्थापित डी.एस.आर.सी. केन्द्रों में जांच उपरान्त चिन्हित रोगो का विवरण :–



सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई०ई०सी०)

एच0आई0वी0 कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा एवं संचार की एक अभिन्न रणनीति रही है चाहे वह एच0आई0वी0 संक्रमण के प्रभावी बचाव, रोकथाम या जागरूकता हो। जिसका मुख्य उद्देश्य कलंक और भेदभाव को कम करना एवं यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों के मध्य पहुँचाना है। वर्ष 2017–18 में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत प्रचार–प्रसार हेतु इलैक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, आउटडोर मीडिया आदि के माध्यम से विभिन्न चैनल्स का प्रयोग किया गया।

आई0ई0सी0 एवं मेनस्ट्रिमिंग के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में 14 जून 2017 विश्व रक्तदाता दिवस, 01 अक्टूबर 2017 राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, 01 दिसम्बर 2017 विश्व एड्स दिवस, 12 जनवरी 2018 राष्ट्रीय युवा दिवस एवं 08 मार्च 2018 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा एच0आई0वी0/एड्स, एस0टी0आई0, स्टीगमा, डिस्क्रिमिनेशन एवं रक्तदान जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों में

विभिन्न रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, डिबेट, प्रदर्शनी आदि गतिविधियां भी आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त टी0वी0 वार्तायें ए0आई0आर0 कानपुर के माध्यम से आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी एवं अल्मोड़ा रेडियो स्टेशनों से रेडियों कार्यक्रमों व रेडियों जिंग्ल्स/स्पॉटस का प्रसारण किया गया। इसके अतिरिक्त बल्क एस.एम.एस., बस शैल्टर एवं फोक परफारमेंस आदि द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण बचाव एव रक्तदान जैसे विषयों पर संदेश प्रसारित किये गये।

मास मीडिया :

लॉग फारमेट टी0वी0 प्रोग्राम : उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा दूरदर्शन पर एच0आई0वी0/एड्स विषय पर सामान्य जानकारी, एच0आई0वी0 को मुख्यधारा में लाने के प्रयास, एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल व उपचार, रक्तसुरक्षा कार्यक्रम, रक्तदान प्रोत्साहन, यौन जनित संक्रमण, यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवायें, सामाजिक संगठनों की एच0आई0वी0/एड्स विषय पर समाज में लोगों को जागरूक करने में सहभागिता, टी0आई0 कार्यक्रम एवं एच0आई0वी0, आई0सी0टी0सी0 (परामर्श एवं जांच केन्द्र) आदि विषयों पर माह अक्टूबर 2017 से माह दिसम्बर 2017 में प्रति सप्ताह कुल 10 कार्यक्रम, प्रति कार्यक्रम 30 मिनट का प्रसारण किया गया।

<u>लॉग फारमेट रेडियो प्रोग्राम</u>: उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एच0आई0वी0/एड्स, यूथ अफैयर्स, ड्रग अब्यूज, आई0सी0टी0सी0, बेसिक सर्विसेस ऑफ यूसैक्स, स्वैच्छिक रक्तदान इत्यादि विषय पर बनाये गये कुल 35 लॉग फारमेट रेडियो प्रोग्राम के एपिसोडों का प्रसारण आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी, अल्मोड़ा से ए0आई0आर0 कानपुर के माध्यम से कुल 105 बार प्रसारित किये गये (35 लॉग फारमेट रेडियों प्रोग्राम प्रति रेडियो स्टेशन)। प्रत्येक रेडियों कार्यक्रम की अवधि 15 मिनट थी।

ऑडियों स्पॉट/रेडियो जिंग्लस :– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एच0आई0वी0/एड्स, इन्जेक्टेबल ड्रग यूजर्स एवं स्वैच्छिक रक्तदान विषय पर बनाये गये रेडियों जिंग्लस एंव ऑडियो स्पॉट का प्रसारण नजीबाबाद, पौड़ी, अल्मोड़ा से ए0आई0आर0 कानपुर के माध्यम से कुल 729 बार प्रसारित किये गये (243 रेडियों जिंग्लस एंव ऑडियो स्पॉट प्रति रेडियो स्टेशन)। प्रत्येक रेडियों जिंग्लस एवं ऑडियो स्पॉट की अवधि 30 सैकैण्ड थी।

आई0सी0टी0 :

बल्क एस0एम0एस0:– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा कुल 3 लाख एस0एम0एस0 01 दिसम्बर 2017 विश्व एड्स दिवस, 12 जनवरी 2018 राष्ट्रीय युवा दिवस एवं 08 मार्च 2018 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न उपभोगताओं के मोबाईल पर एच0आई0वी0/एड्स, एच0आई0वी0/एड्स के विरूद्ध युवा एवं पी.पी.टी.सी.टी. विषय पर बल्क एस0एम0एस0 बी.एस.एन.एल, देहरादून के माध्यम से विभिन्न उपभोक्ताओं के मोबाईल नम्बर पर प्रसारित किये गये।

वेब–साईट:– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा

वेब–साईट www.usacs.org.in संचालित की जाती है, जिसमें समय–समय पर यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवायें एवं जानकारी, टैण्डर प्रक्रिया, विज्ञापन, आई0ई0सी0 सामग्री, रिपोर्ट, फोटोग्राफस, फार्म इत्यादि निरंतर अपलोड किये जाते हैं।

आउटडोर मीडिया:

बस शैल्टर:– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम व रक्तदान से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने हेतु कुल 02 बस शैल्टर देहरादून के प्रमुख बस स्टैण्ड में 08 मार्च 2018 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक माह हेतु लगवाये गये।

मिड मीडिया:

सांस्कृतिक दलों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला:– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सांस्कृतिक दलों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें 27 सांस्कृतिक दलों के टीम लीडरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में टीम लीडरों को नाको, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित स्क्रिप्ट पर पुनः प्रशिक्षित किया गया एवं टीम लीडरों के ग्रुप बना कर स्क्रिप्ट अनुसार प्रस्तुतियां कराई गई।

सांस्कृतिक दलों द्वारा की गयी सांस्कृतिक प्रस्तुतिः– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा कुल 24 सांस्कृतिक दलों के माध्यम राज्य के 08 जनपदों (देहरादून, उधमसिंह नगर, नैनीताल, चमोली, पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, अल्मोडा एवं उत्तरकाशी) में कुल 291 सांस्कृतिक प्रस्तुति करायी गयी थी एवं 14 सांस्कृतिक प्रस्तुति उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा मनाये जाने वाले प्रमुख दिवसों (01 अक्टूबर 2017 राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, 01 दिसम्बर 2017 विश्व एड्स दिवस एवं 08 मार्च 2018 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस) में करायी गयी थी।

इवेंटसः

राज्य एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रमः– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा वर्ष 2017–18 में विभिन्न इवेंटस का आयोजन किया गया। 14 जून 2017 विश्व रक्तदाता दिवस, 01 अक्टूबर 2017 राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, 01 दिसम्बर 2017 विश्व एड्स दिवस, 12 जनवरी 2018 राष्ट्रीय युवा दिवस एवं 08 मार्च 2018 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जनपद स्तर पर मनाये जाने वाले कार्यक्रम (01 अक्टूबर 2017 राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं 01 दिसम्बर 2017 विश्व एड्स दिवस) के आयोजन हेतु सहायता धनराशि प्रदान की गयी, जिसके तहत जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम जिसमें मुख्यतः रैली, पोस्टर व डिबेट प्रतियोगिता, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं के छात्र–छात्राओं, सामाजिक संगठनों, सरकारी व गैर सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रदर्शनी (Exhibition):– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के माध्यम से जनमानस को एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम हेतु एच0आई0वी0/एड्स एवं स्वैच्छिक रक्तदान विषय पर 02 प्रदर्शनी स्टॉल (गौचर मेला, जनपद चमोली एवं परेड़ ग्राउण्ड, देहरादून) लगाये गये।

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम एव प्रचार–प्रसार हेतु मेनस्ट्रीमिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की अहम भूमिका है। उक्त के अतिरिक्त एच0आई0वी0/एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति बढ़ते भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार को रोकने हेतु नाको, भारत सरकार द्वारा एच0आई0वी0 को एकमात्र स्वास्थ्य समस्या न मानते हुए एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया गया है। अर्न्तविभागीय सहयोग से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है एवं परस्पर सहयोग हेतु उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।

रणनीति : मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियन्त्रण समिति के आई0ई0सी0 अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार राज्य में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराये जाने हेतु राज्य स्तरीय एडवोकेसी एवं एच0आई0वी0/एड्स विषय पर संवेदीकरण कार्यशालायें एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गयी एवं यह कार्यक्रम विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कराये गये। मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एच0आई0वी0/एड्स विषय को मुख्यधारा में लाने के साथ ही इससे जुड़े कलंक एवं भेदभाव के व्यवहार को दूर करना, इससे जुड़ी भ्रान्तियों को दूर करना एवं एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0/ एड्स से सम्बन्धित जानकारी, राज्य में एच0आई0वी0 संक्रमण की वर्तमान स्थिति, यूसैक्स द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिये गये स्लोगन **"शून्य की ओर"** शून्य हो नये एच0आई0वी0 संक्रमण, शून्य हो भेदभाव एंव शून्य हो एड्स से मृत्यु के उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास किया गया।

<u>एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा</u>

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है क्योंकि समाज में व्यापत भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार के दूर होने से एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकते हैं। वर्ष 2017–18 के दौरान इन कार्यक्रमों के द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को एच0आई0वी0/एड्स विषय पर जागरूक एवं एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ हो रहे व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु सम्पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों के द्वारा एच0आई0वी0/एड्स से जुडे विभिन्न पहलुओं को मुख्य धारा में लाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कत्री, बाल एवं महिला विकास से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्य कत्री, को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त के अतिरिक्त पुलिस कर्मियों, परिवहन विभाग के प्रतिनिधियों, एन0जी0ओ0/सी0बी0ओ0 के प्रतिनिधियों आदि को भी इन कार्यशालाओं में सम्मिलित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (ASHA/AWW, SHG Workers, Police Official, District PLHIV's, CABA, Prison Administration, Transport dept., Rail, CABA, and MARP's, Community/Civil society organization) हेतु संवेदीकरण कार्यशालओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त के अतिरिक्त लाभार्थियों को कानूनी सलाह एवं सेवाओं हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त के अतिरिक्त उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में राज्य एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया।

रेड रिबन क्लब (एच०आई०वी०/एड्स नियन्त्रण की नई विचारधारा)

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एक नवीन पहल के अन्तर्गत देश में एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं में युवाओं को साथ लेकर रेड रिबन क्लबों का गठन किया गया है। यह इसलिए किया गया है कि एच0आई0वी0/एड्स के अधिकांश मामले युवाओं में विशेषकर 15–29 वर्ष के आयु वर्ग के बीच हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि एच0आई0वी0/एड्स के कारण देश की रीढ़ कहे जाने वाले आयु समूह की स्थिति पर्याप्त रूप से विषम हो गई है। युवाओं को इस नये उभरते भारत को आगे ले जाना है। उन्हीं के कन्धों पर देश की अर्थव्यवथा, सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेवारी है।

उत्तराखण्ड के परिपेक्ष में रेड रिबन क्लबों की भूमिका

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति रेड रिबन क्लबों के माध्यम से युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स के संक्रमण से बचाने हेतु कार्ययोजना के अनुरूप निरन्तर प्रगतिशील है। पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा रेड रिबन क्लब उच्च शिक्षण संस्थानों में शुरू किए जा चुके हैं। उक्त क्लबों का गठन एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता प्रचारित करने के उद्देश्य से किया गया था। एक नयी सोच के तहत प्रदेश के तकनीकी महाविद्यालयी स्तर पर भी रेड रिबन क्लब खोले गये थे। इन सभी रेड रिबन क्लबों का राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायता से चिन्हीकरण किया गया। इस प्रकार प्रदेश में पूर्व में स्थापित रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स से सुरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्वता निरन्तर सुनिश्चित कर रहे हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स संक्रमण से बचाने का एक कारगर तरीका है। इसके माध्यम से युवा वर्ग निकटतम रूप से बिना किसी हिचकिचाहट के एच0आई0वी0/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर पारस्परिक चर्चा कर सकेंगें। रेड रिबन क्लबों में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता रैली, स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन, क्लब स्तर पर गोष्ठी, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि समय–समय पर आयोजित कराई जाती हैं।इसके अतिरिक्त यूसैक्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में रेड रिबन क्लबों द्वारा समय–समय पर प्रतिभाग किया जाता रहा है।

कार्यनीति सूचना प्रबंधन यूनिट

(Strategic Information Management Unit – SIMU Bulletin 2017-18)

भारत की एच.आई.वी./एड्स महामारी से निपटने में सफलता अंशतः इस बात में निहित है कि भारत ने किस प्रकार महत्वपूर्ण नीति और कार्यक्रम संबंधी निर्णय लेने के लिए अपने साक्ष्य आधार को विकसित किया है और उनका उपयोग किया है। विगत 15 वर्षो में आंकड़े स्रोतों की संख्या बढ़ी है तथा आंकड़ा सृजन की भौगोलिक ईकाई, विश्लेषण तथा आयोजन के लिए उपयोग राष्ट्रीय स्तर से स्थानानतरित होकर राज्य, जिला और अब उपजिला स्तर तक पहुंच गया है। इससे भारत सभी भौगोलिक क्षेत्रों, आबादियों पर ध्यान केन्द्रित कर सका है और अपनी कार्रवाही को सूचारू कर सका है। आंकड़ों स्रोतों में वृद्धि तथा आंकड़े के विश्लेशण और उपयोग के लिए भारत के भीतर बढ़ती क्षमता को देखते हुए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर कार्यक्रम के संबंध में बेहतर निर्णय लेने की प्रक्रिया के लिए आंकड़ें के उपयोग को सुदृढ़ करने हेतु इन अवसरों की पहचान करना आवश्यक है।

कार्यनीतिक सूचना प्रबंधन भारत के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का प्रमुख आधार है। एन.ए.सी.पी.–4 के अंतर्गत एक समग्र ज्ञान प्रबंधन कार्यनीति रखने की परिकल्पना की गई है, जिसमें आंकड़ा सृजन से लेकर इसके प्रचार प्रसार और प्रभावी उपयोग तक के कार्यनीतिक सूचना क्रियाकलापों के संपूर्ण क्षेत्र शामिल हों। कार्यनीति में निम्नलिखित सुनिश्चित किया जाएगा।

